>

Title: Regarding cleaning of Godavari River.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): धन्यवाद सभापति महोदय । गोदावरी नदी हमारे महाराष्ट्र और दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी है । इसे दक्षिण भारत की गंगा भी कहा जाता है । गोदावरी नदी की उत्पत्ति हमारे नासिक जिले के त्रयम्बकेश्वर से होती है और इस नदी का बड़ा ही धार्मिक महत्व है, लेकिन मुझे आज बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि बढ़ता हुआ जल प्रदूषण आज गोदावरी की समस्या बन चुका है । कई कंपनियों का कैमिकल युक्त पानी इसमें छोड़ा जाता है, जिससे यह पानी पीने योग्य नहीं रह जाता है और अनेक बीमारियों, जैसे-स्किन डिजीज या फिर वाटर बॉर्न डिजीज होने का भी डर होता है । पानी में दुर्गन्ध महसूस होती है । कुछ जगह इस नदी का पानी जलपर्णी या जलकुंभी से घिरा हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र के निफाड में बहुत ही बड़ा नान्दुर मधमेश्वर बर्ड सैंक्चुरी है, जिसमें दो सौ से ज्यादा पक्षी जैसे फ्लेमिंगो, स्पूनबिल आदि आते हैं । यहां 25 से ज्यादा मछलियों की प्रजातियां भी पाई जाती हैं । इसको रामसर साइट घोषित किया गया है, लेकिन हमारी भी यह जिम्मेदारी है कि इसको सुरक्षित रखा जाए । इस क्षेत्र में भी प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा है । मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अभियान के माध्यम से गोदावरी स्वच्छ करने के लिए प्रयास हों, ताकि यह प्रदूषण मुक्त हो सके ।